हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 29 जून 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

16 ई-रिक्शा बनी बिहान दीदी के परिवार की खुशहाली ...



16 ग्राम विकास के लिए तिमाही आय-व्यय व जीपीडीपी ...



# ड्रेनेज सिस्टम फेल, अयोध्यानगर के घरों में घुसा बारिश का पानी

## आषाढ़ की पहली बारिश से शहर के कई इलाके जलमग्न, घरों में घुसा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर सहित क्षेत्र में बीती रात से जोरदार बारिश हुई, जो सुबह तक जारी रही। शहर के कई इलाके पानी से जलमग्न हो गए। जहां यह बारिश किसानों को राहत पहुंचा रही है वहीं निचली बस्तियों के लिए बारिश आफत से कम नही। वहीं कई ऐसे इलाके जहां के ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुके हैं, वहां बारिश का पानी सड़क में बह निकला। साथ ही शहर के अयोध्या नगर इलाके में पानी घरों में घुसने की जानकारी मिली है।

बता दें कि शहर के अयोध्या नगर वासी हर साल बारिश में इस मुसीबत का सामना करते हैं। नागरिकों की माने तो बीते 20 साल से वे इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। बारिश के दौरान शासन, प्रशासन और स्थानीय प्रशासन को इस बात से अवगत कराया जाता है लेकिन बारिश का मौसम बीतने के साथ ही इस इलाके में ड्रेनेज सिस्टम के सुधार को लेकर दिए गए आश्वासन बिसरा दिए जाते हैं। बता दे कि दो बड़े नाले होने के बाद भी यहां की स्थिति में कोई सुधार नही देखा जा रहा। नागरिकों का कहना है कि दो बड़ी नालियां होने के बावजूद गलत नीतियों के चलते कारण दोनों नालियों में पानी नाली में न जाकर रोड में बह कर घरों में घुस रहा है। नागरिकों ने इस समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग पालिका प्रशासन से की है।

नगर के अयोध्या नगर के अलावा इमलीभाठा, नयापारा, डीईओ आफिस के सामने, हाईस्कूल और शहर के कई निचले इलाकों में बारिश का पानी नालियों से विधिवत नहीं निकल पाने के कारण गंदा पानी सड़क पर आ गया।

### रथयात्रा से पहले हुई हल्की बारिश

दिनभर उमस के बाद शाम को शहर में करीब डेढ़ घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को काफी राहत मिली है। माना जा रहा है कि, यह बारिश किसानों के लिए यह काफी फायदेमंद है। शुक्रवार को रथयात्रा के पहले थोड़ी बूंदाबांदी हुई फिर धूप-छांव के बीच शाम तक उमसभरी गर्मी रही, जिसके बाद रात में अचानक मौसम बदला और रात भर जमकर बारिश हुई।



### 48 घंटे तक आंधी बारिश का अलर्ट

छत्तीसगढ़ में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। बंगाल की खाड़ी, उड़ीसा और मध्य भारत के ऊपर बने मौसम तंत्र के चलते प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी से हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक और अंधड़ के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

## रोष : शिक्षक फेडरेशन ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# अव्यवस्था फैलाने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग, उपवास रख किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था फैलाने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने शनिवार को शाला में छुट्टी के बाद सामूहिक उपवास रखकर धरना प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। पदधिकारियों ने बताया कि मांगों पर कोई ठोस कदम नही उठाए गए तो फेडरेशन पदयात्रा करेगा और राजधानी पहुंचकर मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाएंगे।



बता दें बीते 23 जून को फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था फैलाने वाले अधिकारियों पर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। ▶▶|शेष पेज 14 पर

### धरना में यह रहे उपस्थित

धरना प्रदर्शन को प्रदेश विधिक सलाहकार बीपी मेश्राम, प्रेम चंद्राकर, मुनिया निर्मलकर, नूतन दुबे, रामेश्वरी साहू, मंजू अंबिलकर, लीना पांडे, सीमा यादव, दिगेश पुरेना, पुरुषोत्तम चंद्राकर, संदीप साहू, गोपीनाथ पांडे, राहुल चौधरी, चंद्रशेखर फ़ुटान, राजेश चंद्राकर, आत्मा राम साहू ने भी संबोधित किया।

### इनकी भी रही सहभागिता

सामूहिक उपवास धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कैलाश साहू, राजू कंवर, मनोज साहू, अशोक साहू, खुमान ध्रुव, जितेंद्र साहू, रामनाथ यादव, नीलकंठ यादव, सुनीता ध्रुव, अंजुम शेख, रेखा कन्नौजे, नागेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, देव कुमारी ध्रुव, प्रतिभा साहू, मुकेश साहू, परस साहू, मन्नू लाल चौधरी, भूपेंद्र जलक्षत्री, रमेश नेताम, रामकुमार साहू, रोशन ध्रुव, हृदय ध्रुव, बलराम वनवासी सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## खट्टी स्कूल में नहीं पहुंचे शिक्षक ताला लगाकर हुए नदारद



**महासमुंद।** जिले के समीपस्थ ग्राम खट्टी के स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था का बुरा हाल है। हायर सेकंडरी स्कूल में शनिवार को स्कूल खुलने के निर्धारित समय के ढाई घंटे बाद तक गिने चुने शिक्षक ही ड्यूटी में पहुंचे। वहीं परिसर में ही स्थित कन्या मिडिल स्कूल में निर्धारित समय के पहले ही ताला लगा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की मनमानी जारी है। स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा कथित संरक्षण दिए जाने के चलते कुछ शिक्षक लगातार देर से स्कूल पहुंचते हैं वहीं यह भी जानकारी मिली है कि कई शिक्षक 4-5 दिन नदारद रहने पर एक साथ उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करते हैं। कन्या मिडिल स्कूल प्राचार्य नीतू साहू ने बताया कि मध्याह्न भोजन के बाद स्कूल बंद कर दिया गया। उनका कहना था कि बारिश में बच्चे भीग गए थे तो उन्हें भोजन के बाद घर भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप



### नगर के शीतला मंदिर में माता पहुंचनी 3 को

**महासमुंद।** नगर के मां शीतला मंदिर में 3 जुलाई 2025 दिन गुरुवार को माता पहुंचनी का आयोजन किया गया है। जिसमें सुबह से देर शाम तक माता की विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी व ठंडाई प्रसादी का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के सदस्य भाऊ राम साहू ने बताया कि माता पहुंचनी के आयोजन की तैयारी के लिए मंदिर समिति जुटे हैं। उन्होंने समस्त नगर वासियों से माता पहुंचनी के अवसर पर मां शीतला मंदिर में दर्शन लाभ लेने उपस्थित होने आग्रह किया है।

### किराएदार ने मकान मालिक को पिटवाया

**महासमुंद।** बागबाहरा के पोटरपारा में एक व्यक्ति द्वारा अपने मकान मालिक को पिटवाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी विकास चंद्राकर निवासी वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा ने बताया कि उसने गौतम गोरले को अपने मकान को किराए में दिया था, लेकिन वह मकान का किराया समय पर नहीं देता था। जिसके चलते 27 जून की शाम 6.30 बजे वह मकान खाली करा रहा था, उसी समय टुकेश सोनवानी वहां पर आया, जिसे गौतम गोरले ने कहा कि विकास चंद्राकर को मारो। इस पर आरोपी टुकेश सोनवानी ने गाली गलौज कर लकड़ी के डंडे से मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### रसोड़ा में ग्रामीण से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम रसोड़ा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी महेश मुन्ना ने बताया कि 27 जून की शाम 6 बजे वह अपने घर के सामने गली में खड़ा था। उसी समय गांव का बरूण भोई अपने साथ पालतू कुत्ते को गली में घुमा रहा था। अचानक वह कुत्ता उसके उपर चढ़ गया, उसने बरूण भोई से कहा कि कुत्ता/जानवर से मजाक नहीं करना है। इस पर आरोपी बरूण भोई गुस्से एवं आवेश में आकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और अपनी अंगुली को मुंह में डालकर जबड़े को खींचने लगा और जान से मारने की धमकी दी।

# पांच दिनों से अंधेरा में डूबा बरोली ग्रामीणों को पेयजल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पिछले 5 दिनों से बरोली ग्राम का आधा बस्ती अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली गुल होने से लोगों को पीने के पानी एवं निस्तार के लिए पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी अधिकारियों को नहीं दी गई है, बल्कि बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद उन्होंने 5 दिनों में कोई प्रयास नहीं किया। जिससे ग्रामवासी एवं खासकर महिलाओं में विशेष रोष है और व्यवस्था सुधार नहीं होने पर शीघ्र विद्युत कार्यालय घेराव का मन बना चुके है। बता दें कि इस समय गर्मी और बरसात दोनों है। जिससे उमस का माहौल है। ऐसे माहौल में ग्राम बरोली के आधा बस्ती बिजली से वंचित है और घरों में पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही टॉयलेट बाथरूम जाने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। साथ ही ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण विद्युत सप्लाई अप डाउन हो रहा है और जिसके कारण से सैकड़ों बिजली उपकरण जल गए हैं, जिससे लाखों की क्षति ग्रामीणों को हुई है। घरों के बल्ब, पंखा, सबमर्सिबल पंप, टीवी, फ्रिज कूलर, डीटीएच जैसे विद्युत उपकरण जल गई हैं और लोगों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना देने के बावजूद भी विद्युत विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का कोई प्रयास अभी तक कार्रवाई ट्रांसफार्मर बदलने के लिए नहीं किया गया है, जिससे लोगों में भारी रोष है। खासकर महिलाएं इससे ज्यादा चिंतित है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई और गर्मी से स्वास्थ्य भी बहुत खराब हो रहा है। मच्छरों का प्रकोप भी बहुत ज्यादा हो रहा है। यदि सोमवार तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाता है तो ग्राम की महिलाएं एवं पुरुष विद्युत कार्यालय का घेराव करने के मन बना चुके है। इस संबंध में गढ़फुलझर सहायक उप अभियंता देवेश सिंह राजपूत ने बताया कि वर्तमान में 100 केवीए का टांसफार्मर उपलब्ध नहीं है। विगत 2 दिन से बरोली में समस्या है। 100 केवीए की मांग की गई। जिसे बहुत जल्द ही लगाया जाएगा। विद्युत समस्या को लेकर बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल एवं सभापति प्रकाश सिन्हा ने त्वरित टांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए है।




# थाने में चाकूबाजी, पार्षद घायल, तीन गिरफ्तार

## मोहल्ले में बर्थडे के दौरान हुआ था विवाद, पार्षद के हस्तक्षेप आरोपियों का नागवार गुजरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुए विवाद में वार्डवासियों की मदद करने पहुंचे पार्षद पर बीती रात चाकू से हमला हो गया। खास बात यह है कि मोहल्ले में उपजे विवाद के बाद सभी थाना पहुंचे थे। जहां आरोपियों ने पार्षद को बीच न पड़ने की बात कहते हुए थाने में ही चाकू मार दी। मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं घायल अवस्था में पार्षद विजय साव को अस्पताल दाखिल कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मौहारीभाठा स्थित कोमल पटेल के घर में जन्मदिन का जश्न चल रहा था, उसी दौरान सुभाषनगर और नयापारा से आए 10–12 युवकों ने मोहल्ले में गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इन उपद्रवियों ने वार्डवासी हितेश दुबे और गिरधर चंद्राकर के साथ मारपीट की, जिसमें उन्हें चोटें आईं। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस और वार्ड पार्षद विजय साव घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को थाने लाकर मामला दर्ज करना शुरू किया। वहीं पार्षद भी स्थिति का जायज़ा लेने थाना पहुंचा हुआ था। थाने में मौजूद तीन युवक शरीफ अली, चिरंजीव यादव और शकील अली ने पार्षद से गाली-गलौज शुरू कर दी और तुम यहां क्यों आए हो कहते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि चिरंजीव यादव ने पार्षद विजय साव पर चाकू से वार किया, जिससे उसके कमर के पीछे निचले हिस्से के बाएं भाग में गंभीर चोट आई। हमले के बाद पार्षद को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस हमले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।




### तीन आरोपी गिरफ्तार, एफआईआर दर्ज

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 3(5) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गाली गलौज करने से मना किया तो मारपीट

**महासमुंद।** मौहारीभांठा के पानी टंकी के पास कुछ लोगों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को हितेश दुबे निवासी वार्ड नंबर 28 मौहारीभाठा ने बताया कि 27 जून को वह गिरधर चंद्राकर व रोशन चंद्राकर के साथ पानी टंकी चौक के पास बैठे थे। रात करीब 11 बजे कोमल पटेल के जन्मदिन मनाते हुए राकेश साहू, शकील अली तीनों गाली गलौज करते हुए आए। मना करने पर राकेश साहू द्वारा हाथ में रखे डंडे से सिर, हाथ, पैर में मारकर चोट पहुंचाया। वहीं गिरधर चंद्राकर के साथ भी तीनों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बवासीर का गलत ढंग से उपचार, प्रशासन ने अस्पताल को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

तहसील आफिस के पास स्थित मातृ केयर

■ जांच में शिकायत सही पाए जाने के 2 माह के भीतर बड़ी कार्रवाई

हॉस्पिटल व फर्टिलिटी सेंटर में एक महिला के बवासीर का गलत ढंग से उपचार किए जाने व बगैर सर्जरी उपाधि के अमानवीय ढंग से सर्जरी किए जाने की शिकायत पर शनिवार को दोपहर एसडीएम नम्रता चौबे ने अपनी टीम के साथ अस्पताल को सील कर दिया। ज्ञातव्य हो कि जांच समिति द्वारा जांच में शिकायत सही पाये जाने के 2 माह के भीतर ही यह एक बड़ी कार्यवाही प्रशासन द्वारा की गई है। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई का सभी वर्ग के लोगों ने स्वागत किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम छिंदपाली की पीड़ित महिला पद्मिनी साहू बवासीर की बीमारी से ग्रस्त थी। जिसका उपचार मातृ केयर हॉस्पिटल में डॉ शिवाशीष बेहरा जो कि एमबीबीएस व एमडी स्त्रीरोग व प्रसूति है, उनके द्वारा हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया गया था। पीड़िता के पति प्रशांत साहू ने जानकारी देते हुए बताया था कि इलेक्ट्रिक सोल्डरिंग




आयरन मशीन से गुदाओ को अमानवीय व क्रूरतापूर्ण तरीके से जलाया गया था। जिससे उसकी पत्नी की हालत बहुत ही खराब हो गई थी व चलने फिरने में पूर्णतः असफल थी। पीड़िता द्वारा इसकी शिकायत राज्य महिला आयोग के साथ साथ एसडीएम व अन्यों को भी की गई थी।

एसडीएम नम्रता चौबे द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा गठित 4 सदस्यीय जांच समिति में अपने प्रतिनिधि के रूप में मनीषा देवांगन को भेज था। 4 सदस्यीय टीम ने जांच में शिकायत को सही पाते हुए अभिमत दिया कि डा. शिवाशीष बेहरा द्वारा किया गया व यह ऑपरेशन जनरल सर्जन द्वारा किया जाना था। किंतु, सर्जरी की उपाधि नहीं होने के बावजूद उन्होंने ऑपरेशन किया। पीड़ित की यह हालत ऑपरेशन की जटिलता के कारण उत्पन्न हुई है न कि दिव्यांगता के कारण। जांच दल द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट एसडीएम को विगत 6 जून 25 को सौंप दी गई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर मात्र 2 माह के अंदर 26 जून को एसडीएम द्वारा हॉस्पिटल पहुंचकर हॉस्पिटल को बाहर से सील कर दिया गया। जब कार्यवाही दल हॉस्पिटल गया तो वहां मात्र 3 स्टाफ मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट व एक नर्स ही मिले। वहां कोई चिकित्सक व संचालक नही मिला। प्राथमिक कार्यवाही के बाद हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। इस अवसर पर मनीषा देवांगन (अति. तहसीलदार व जांच दल सदस्य), डॉ. एचएल जांगड़े (बीएमओ) आदि उपस्थित थे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह व एसडीएम नम्रता चौबे द्वारा हॉस्पिटल के खिलाफ की गई कार्यवाही की प्रशंसा की है।

## खबर संक्षेप

### ईओडब्लू ने दो हजार पन्नों की कोर्ट में पेश की चार्जशीट

**रायपुर।** राजिम स्थित इंडियन ओवरसीस बैंक (आईओबी) में एक करोड़ 65 लाख 44 हजार के बैंक घोटाला को लेकर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने ईओडब्लू की विशेष अदालत में शुक्रवार को दो हजार पन्नो का चालान पेश किया। घोटाला के आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। पेश किए गए चालान में 13 पन्नों की अलग से समरी है। बैंक घोटाला मामले में बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुनील कुमार, तत्कालीन शाखा प्रबंधक अंकिता पाणिग्रही, लिपिक योगेश पटेल तथा खेमन लाल कंवर के खिलाफ ईओडब्लू ने कोर्ट में चालान पेश किया है। यह मामला दिसबर 2022 से फरवरी 2023 के बीच का है, जब बैंक के तत्कालीन अधिकारियों ने आपसी मिलीभगत से 17 खाताधारकों के नाम पर फर्जी ज्वेल लोन तैयार कर 1 करोड़ 65 लाख 44 हजार रुपए का गबन किया था। इस दौरान न तो खाताधारक बैंक में उपस्थित हुए थे और न ही उनके द्वारा कोई आवेदन या सहमति दी गई थी। घोटाले में शामिल चारों आरोपियों को ईओडब्लू ने दो माह पूर्व अप्रैल में गिरफ्तार किया था। घटना के बाद वर्ष 2023 से फरार अंकिता को ईओडब्लू ने ओडिशा, बरगढ़ से गिरफ्तार किया था।

### शासकीय संपत्तियों पर पोस्टर लगाने पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम अमला ने शुक्रवार को शासकीय संपत्तियों पर पोस्टर लगाने वाले कोचिंग सेंटर और एक हास्पिटल के संचालक पर जुर्माना लगाया है। इसके तहत नगर निवेश विभाग ने संतोषी नगर से तरुण बाजार रोड पर शासकीय सम्पतियों पर पोस्टर लगाने वाले कुणाल मढ़रिया फिजिक्स केमिस्ट्री कोचिंग सेंटर के संचालक पर चार हजार रुपए, कटोरा तालाब रोड स्थित मधुरम मोबाइल दुकान संचालक को चार हजार रुपए तथा भाठागांव अंडरब्रिज में पाम्पलेट लगाये जाने पर ओम सांईराम हॉस्पिटल पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

### घर में सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल से मुक्ति

**रायपुर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत रायपुर के डॉ. दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी अतुल तिवारी के परिवार को बिजली बिल से मुक्ति मिल गई है। इस योजना के तहत उन्होंने बीते वर्ष अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया। 78 हजार रुपए की सब्सिडी मिली, जिससे लागत बेहद कम हो गई और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो गई। सोलर पैनल लगाने से पहले हर गर्मी में 7 से 8 हजार रुपए का बिजली बिल आता था, लेकिन अब बिल 'शून्य' आया है। योजना के अंतर्गत शासन द्वारा उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर सोलर प्लाण्ट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# जनभागीदारी एवं सामूहिक श्रमदान कर तीन हजार से अधिक सोख्ता गड्ढा का निर्माण

## मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने कलेक्टर की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में मोर गांव-मोर पानी अभियान के तहत व्यापक जल संचयन अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस पहल की क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के पांचों विकासखंड के जमीनी स्तर से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्चुअल बैठक ली।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि जिले में गिरते भूजल स्तर को सुधारने और वर्षा जल के संरक्षण के लिए जिले में मोर गांव-मोर पानी अभियान के अंतर्गत विशेष जल संचयन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत सभी नागरिक श्रमदान कर अपने-अपने घरों में सोक पिट (सोख्ता गड्ढा) का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जमीनी स्तर के अधिकारी इसके लिए पूरी तैयारी कर लें।



उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में लोगों से संपर्क कर इसके लिए जागरूक करें।

कलेक्टर ने कहा कि बरसात का पानी यदि सोक पिट (सोख्ता गड्ढा) के माध्यम से जमीन में समा जाए, तो भूजल स्तर में सुधार संभव है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक अभियान में जन समुदाय को जोड़ते हुए इसकी जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाएं। साथ ही सभी ग्राम पंचायतें गांववार लक्ष्य तय कर सुनिश्चित करें कि हर शासकीय भवनों में सोख पिट का निर्माण किया जाए। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जिससे न केवल जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जल स्रोत भी उपलब्ध हो सकेगा। अभियान के दौरान लोगों को जल संरक्षण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए एक साथ एक ही समय पर शपथ दिलाकर जनसहभागिता को प्रेरित किया जाएगा। जिले के बसना एवं सरायपाली विकासखंड में गिरते भू जल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण को लेकर व्यापक और सामूहिक प्रयास से अभियान को पूरा किया जाएगा। सोख पिट की प्रभावशीलता को लेकर बताया गया कि एक सोख पिट वर्षाकाल में 2,000 से 3,500 लीटर तक वर्षा जल को अवशोषित करने में सक्षम होता है। इस प्रकार जिलेभर में सोख पिटों के निर्माण से कई लाख लीटर तक पानी को जमीन में रिसाया जा सकता है।

# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** सेजेस हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय सभा कक्ष में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रतिनिधि मुन्ना झनक साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत महासमुंद अध्यक्ष के प्रतिनिध रामस्वरूप दीवान, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, एबीईओ हीना धालेन एवं तारिका कुंजाम, प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे। सभी अतिथियों ने छात्र जीवन में अनुशासन, परिश्रम और नैतिक शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संस्कारों के साथ विद्या अध्ययन से ही विद्यार्थी जीवन पथ पर सफलता प्राप्त कर सकता है। गुरु को राष्ट्र निर्माता बताते हुए शिक्षकों को आह्वान किया गया कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। पालकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि बच्चों की शिक्षा में पालक, शिक्षक और समाज की त्रिवेणी भूमिका होती है, इसलिए पालक नियमित रूप से बच्चों को स्कूल भेजें और शिक्षक के बुलावे पर स्कूल अवश्य आएं। इस अवसर पर बृजराज, आदर्श कन्या, सोरिद, बेमचा एवं डीएमएस संकुलों के लगभग 50 विद्यार्थियों को पुस्तकें एवं स्कूल बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। समावेशी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त उपकरण का वितरण दिव्यंका बच्चों को किया गया। कार्यक्रम का संचालन खेमीन साहू ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम में बीआरपी अनिता निर्मलकर, स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू, संकुल समन्वयक पवन साहू, चंद्रशेखर डोरा, ईश्वर कमार, शांतनु वर्मा, टाकेश्वर साहू, सुरेंद्र चंद्राकर सहित शिक्षकगण कमलेश चंद्राकर, भारती सोनी, गोमती साहू, रेखा कन्नौजे, योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी मानिकपुरी, केशव साहू, भुनेश्वर साहू एवं स्काउट-गाइड, एनसीसी, एनएसएस एवं रेडक्रॉस के विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

# मीसाबंदी संगोष्ठी एवं तिरंगा रैली का आयोजन

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद के तत्वावधान में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं सीईओ जिला पंचायत एस आलोक के दिशा निर्देश में हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय आदर्श महासमुंद के सभा कक्ष में मीसाबंदी विषयक संगोष्ठी एवं देशभक्ति पूर्ण तिरंगा रैली का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण से हुई, जहां अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा रैली को रवाना किया। कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, खेल अधिकारी अंजलि बरमाल के मार्गदर्शन में किया गया।

यह रैली स्काउट-गाइड, एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रॉस तथा विभिन्न शालाओं से आए छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी से नगर के प्रमुख चौको महात्मा गांधी चौक, टाउन हॉल होते हुए सेजेस विद्यालय सभा कक्ष में एक सभा में



परिवर्तित हुई। सभा में नगर के प्रख्यात साहित्यकारों एवं कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से छात्रों के भीतर देशभक्ति और लोकतंत्र के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उमेश भारती मृदुल ने अपनी प्रेरणादायक कविता धरती चलती तारे चलते, चांद रात भर चलता है। किरणों का उपहार बांटने, सूरज रोज निकलता है। सुनाकर वातावरण को भाव विभोर कर दिया। टेकराम सेन चमक ने वंदे मातरम्, भारत भाग्य विधाता जैसी ओजपूर्ण रचना से देशप्रेम का मंत्र फूंका। सुरेंद्र अग्निहोत्री आगी ने थे प्रताड़ित मीसा के बंदी, अभिव्यक्ति पर लगी पाबंदी, शासक मनमानी तानाशाही, देता इतिहास है यही गवाही। संपूर्ण क्रांति की बिगुल बजी तब, हुआ सबेरा बता रहा हूं। के माध्यम से मीसाबंदियों की पीड़ा व वीरता को स्वर दिया। वहीं भागवत जगत भूमिल ने जो देशहित से डिग जाये, वह बिस्मिल या अशफ़ाक नहीं। संविधान की हत्या जो करता, उनसे उम्मीद की बात नहीं। जैसी प्रेरक रचना प्रस्तुत कर सबको गदगद कर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा और विस्तृत संविधान है, जिसे सभी को समझना, सम्मान देना और पालन करना चाहिए। तिरंगा हमारी आन, बान और शान है, इसकी गरिमा हर घर तक पहुँचे यह हम सभी का संकल्प होना चाहिए। सेजेस के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा संविधान के सम्मान से जुड़ी है, अतः प्रत्येक छात्र को इसका ज्ञान अवश्य होना चाहिए। स्वागत भाषण बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा दिया गया। जबकि आभार प्रदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने किया। कार्यक्रम संचालन खेमिन साहू ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सीएसी पवन साहू, सुरेंद्र चंद्राकर, ईश्वर कुमार, शांतनु वर्मा, चंद्रशेखर डोरा, शिक्षक लता वैष्णव, नीलू चंद्राकर, केशव साहू, भुनेश्वर साहू सहित शिक्षकों एवं कर्मियों का विशेष सहयोग रहा।

# स्कूल वह मंदिर है, जहां गढ़ा जाता है बच्चों का भविष्य : विधायक चातुरी



**सरायपाली।** ग्राम मोखापुटका में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव के इस पावन अवसर पर, जहां हम अपने नन्हे सितारों का स्वागत कर रहे हैं, जो अपनी नई शैक्षिक यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। यह दिन केवल स्कूल में प्रवेश का नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत, नई उम्मीदों और सपनों का दिन है।

विधायक चातुरी नंद ने अपने संबोधन में कहा कि यह वह दिन है जब हमारे छोटे-छोटे बच्चे, जिनके मन मासूम और उत्साह से भरे हैं, स्कूल की दहलीज पर पहला कदम रखते हैं। यहां से शुरू होती है उनकी वह यात्रा, जो उन्हें न केवल किताबी ज्ञान देगी, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करेगी। स्कूल वह मंदिर है, जहाँ बच्चों का भविष्य गढ़ा जाता है, जहाँ उनकी प्रतिभा को निखारा जाता है, और जहाँ वे अपने सपनों को पंख देना सीखते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूप कुमारी चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, एसडीएम नम्रता चौबे, सरपंच लोचन भावना पटेल सहित अन्य अतिथिगण मंचासिन थे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें किताबें, साइकल भेंट कर नए सत्र के शुरुआत की शुभकामनाएं दीं गईं। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पंचगण, शिक्षक शिक्षिकाएं सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रथयात्रा की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि और विशेषताओं को सहेजने का प्रयास सराहनीय : स्वराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

रथयात्रा के पावन अवसर पर रानी महल स्थित आदिवासी महासंघ कौड़िया के सभा कक्ष में एक मासिक पत्रिका स्मारिका कालिया की आराधना भूमि पिथौरा का लोकार्पण समारोह हुआ।

लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्य एवं स्वतंत्र पत्रकार स्वराज, करूण कार्यक्रम की अध्यक्षता देवसिंह निषाद नगर पंचायत पिथौरा को आमंत्रित किया गया था। इसके अलावा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वृद्धजन सेवा समिति के अध्यक्ष जीवनलाल शर्मा एवं गुरुसिंग सभा पिथौरा के वयोवृद्ध नागरिक एवं समाज सेवी गुरूदयाल सिंह मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिवशंकर पटनायक, श्रृंखला साहित्य मंच के अध्यक्ष प्रवोण प्रवाह, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमेश दीक्षित, रथ आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रेम सिन्हा, वरिष्ठ पार्षद मन्नू लाल ठाकुर, शीतला समाज के अध्यक्ष सोहन लाल निषाद, आदिवासी महासंघ पिथौरा के कार्यकारी अध्यक्ष मनराखन ठाकुर उपस्थित थे।

आमंत्रित अतिथियों के स्वागत के पश्चात आधार वक्तव्य स्मारिका प्रकाशन प्रकोष्ठ के प्रभारी बीजू पटनायक ने दिया। उन्होंने स्मारिका प्रकाशन के औचित्य एवं संदर्भ की विशेष चर्चा करते हुए ऐतिहासिक महत्व एवं पिथौरा रथ यात्रा के विविध प्रसंगों का उल्लेख कर स्मारिका लोकार्पण समारोह पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष देवसिंह निषाद ने समारोह को सम्बोधित करते हुए स्मारिका प्रकाशन को एक सराहनीय रचनात्मक कार्य बताया। विशेष अतिथि डॉ. शिवशंकर पटनायक ने रथयात्रा को पिथौरा के गौरवशाली परंपरा बताते हुए उसके कई पहलुओं पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। श्रृंखला साहित्य मंच के अध्यक्ष प्रवीण प्रवाह ने प्रकाशित स्मारिका पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि ऐतिहासिक रथ यात्रा पर पहली स्मारिका का प्रकाशन पिथौरा के प्रबुद्ध एवं चिंतनशील पत्रकारों ने किया है, वे निश्चित रूप से बधाई के पात्र है। उन्होंने रथ यात्रा के पर्व पर भगवान जगन्नाथ से संबंधित कविता पाठ किया। विशेष अतिथि



तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमेश दीक्षित ने जगन्नाथ रथ यात्रा के संदर्भ के साथ साथ पिथौरा के अन्य धार्मिक अनुष्ठान नवधा रामायण एवं शीतला समाज के द्वारा शुरू किए गए परंपरा का उल्लेख करते हुए पिथौरा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं एवं सौहार्द्र भावना की सराहना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वराज करूण ने कहा कि पिथौरा रथयात्रा की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि और उनकी विशेषताओं को स्मारिका में सहेजने का सराहनीय कार्य किया है। इसमें नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक परंपरा और विरासत के बारें में अच्छी जानकारी मिलेगी। जगन्नाथ की रथ यात्रा राष्ट्रीय एकता का पर्व है। यह जगन्नाथ पुरी से लेकर पूरे देश में श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाई जाती है। अति विशिष्ठ आसंदी पर विराजमान वरिष्ठ नागरिक समाज सेवी जीवनलाल शर्मा एवं गुरुदयाल सिंह सलूजा ने स्मारिका प्रकाशन के लिए अपना आशीर्वाद आयोजन समिति को प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार संतोष गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन पत्रकार मनमीत सिंह छाबड़ा ने किया। उक्त लोकार्पण समारोह को निर्विघ्न सम्पन्न कराने में रथ यात्रा आयोजन समिति आदिवासी महासंघ कौड़िया श्रृंखला साहित्य मंच वृद्धजन सेवा समिति एनपी स्मृति फाउंडेशन पिथौरा, दिव्यांग मित्र मंडल पिथौरा, लूई ब्रेल सेवा समिति पिथौरा के अलावा अन्य सामाजिक संस्थाओं का अमूल्य सहयोग मिला। इस ऐतिहासिक गौरव पल में शामिल नगर के सेवाभावी वरिष्ठ नागरिक जीवनलाल शर्मा, गुरुदयालसिंह सलूजा, शिवलाल निर्मलकर, प्रेम सिन्हा, सोहन निषाद, मनराखन निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंह निषाद, वीरेंद्र तिवारी नगर पंचायत पिथौरा, वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ. शिवशंकर पटनायक, स्वराज करूण, प्रवीण प्रवाह, उमेश दीक्षित, प्रेस क्लब अध्यक्ष रजिंदर सिंह सलूजा का सम्मान मोमेंटों भेंट कर आयोजन समिति ने किया।



### कोमाखान में निकाली गई रथयात्रा

कोमाखान। कोमाखान में पारंपरिक ढंग से मनाया गया भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा। जिसमें भगवान जगन्नाथ का रथ राधा कृष्ण मंदिर से निकालकर नगर भ्रमण के लिए गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की हर चौक व घर से निकाल कर भगवान जगन्नाथ, सुहद्रा व बलदाऊ बलभद्र का आरती करते नजर आए एवं जय जगन्नाथ जयकारे से गूंजता रहा। बड़े उत्साह से ग्रामीण जन रथ को खींचने के एवं दर्शन करने के लिए भीड़ उमड़ पड़े। आसपास के क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने भी भगवान जगन्नाथ की आशीर्वाद एवं प्रसाद प्राप्त किया।

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए होगा 4 टेस्ट सीरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवकिरण अकादमी व जिला ग्रन्थालय महासमुंद में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्रत्येक भर्ती परीक्षा के पूर्व प्रारंभ से ही मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में आगामी प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा जो 03 अगस्त 2025 को होनी है। प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज नवकिरण अकादमी व जिला ग्रन्थालय महासमुंद द्वारा लिया जाएगा। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा।

जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा, जिसमे प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा के लिए 04 टेस्ट का आयोजन किया जायेगा। प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा के 04 टेस्ट सीरीज क्रमशः 06 जुलाई रविवार को पेपर -1 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -01, 13 जुलाई को पेपर -2 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -02, 20 जुलाई को पेपर -3 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -03, 26 जुलाई 2025 (दिन-शनिवार) को पेपर-4 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 का आयोजन किया जाएगा। साव ने आगे बताया टेस्ट सीरीज दिलाने के लिए इच्छुक परीक्षार्थियों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 04 जुलाई निर्धारित की गई है, प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थियों द्वारा जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी (जिला ग्रंथालय भवन मिनी स्टेडियम परिसर) में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### श्याम विद्या मंदिर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**महासमुंद।** श्याम विद्या मंदिर/उमावि में शिक्षा सत्र 2024-25 हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी की वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में प्रथम चंचल उइके 90 प्रतिशत, द्वितीय अनीश वैष्णव 87.5, तृतीय दीक्षा देवागंन 84.6, चतुर्थ हिमांशी वैष्णव 82 प्रतिशत, पंचम स्थान पर मुस्कान सोनवानी 81.8, माही निषाद एवं रेशमी पाल का 80 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं प्रथम वैभवी दुबे, द्वितीय भूमिका साहू, तृतीय शाहिल खान ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। संस्था के संस्थापक हेमंत चंद्राकर एवं सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह एवं समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है।



### खल्लारी थाना परिसर में किया गया पौधारोपण

**खल्लारी।** खल्लारी थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के अनेक पौधे लगाए गए। इस दौरान खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र नाग सहित पुलिस के जवान उपस्थित रहे। सभी ने एक- एक पौधे लगाए।

### आज झलप प्रवास पर रहेंगे बीज निगम अध्यक्ष

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 29 जून को झलप प्रवास पर रहेंगे। वहां वे भाजपा मंडल झलप के समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 123वें कड़ी की प्रसारण सुनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 29 जून को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देश को संबोधित करेंगे। हर महीने प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की यह 123वीं कड़ी होगी।

### फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर 30 को

**सरायपाली।** नगर के अग्रवाल धर्मशाला में 30 जून को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग महासमुंद की टीम द्वारा शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए जाएंगे।

### शादी घर की चाबी नहीं देने पर विवाद, मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ घर की चाबी नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कचना निवासी नारायण साहू ने हेमंत तथा पुरुषोत्तम साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

# जबलपुर और भगत सरायपाली में लगा जनजातीय जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आज जिले के चयनित जनजातीय बहुल क्षेत्र पिथौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जबलपुर और सरायपाली ब्लॉक ग्राम पंचायत भगत सराईपाली में शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित है, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जनजाति समुदायों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ से जोड़ना तथा उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है।

आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को आयुष्मान भारत कार्ड, राशन कार्ड, जाति-निवास-आय प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, स्वरोजगार योजनाएं, कृषि व उद्यानिकी से जुड़ी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, स्वास्थ्य जांच तथा पोषण से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, स्थानीय प्रशासन तथा बड़ी



संख्या मंस ग्रामीण जनों की सक्रिय उपस्थिति देखने को मिली।

सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भगत सरायपाली शिविर में 198 विभिन्न योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। जिसमें आधार कार्ड के लिए 10, राशन कार्ड के लिए 6, आयुष्मान कार्ड के लिए 10, जाति प्रमाण पत्र के लिए 35, निवास प्रमाण पत्र के लिए 20, पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत 2 कृषक, जॉब कार्ड के लिए 10 श्रमिक एवं पीएम मातृत्व वंदन योजना के तहत 7 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया। वहीं 3 पात्र हितग्राहियों का पेंशन के लिए स्वीकृति दी गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 65 लोगों का स्वास्थ्य जांच एवं सिकल सेल जांच किया गया। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जबलपुर शिविर में 86 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीयन किया गया। जिसमें 06 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 05 का राशन कार्ड, 05 आयुष्मान कार्ड, 27 का जाति प्रमाण पत्र, 27 का निवास प्रमाण पत्र, 2 कृषकों का केससी, 2 श्रमिकों का जॉब कार्ड के लिए एवं दो गर्भवती महिलाओं का पीएम मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। साथ ही 4 हितग्राहियों का जनधन खाता खोला गया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया। इस अवसर पर जबलपुर शिविर में किसान बोधराम भोई को किसान क्रेडिट का वितरण किया गया। भोई ने केसीसी पाकर खुशी जाहिर करते हुए शासन के इस पहल को सराहनीय बताया तथा इस पहल के लिए उन्होंने शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं किसान घसिया राज जगत को भी कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया गया। श्री जगत ने केसीसी कार्ड के मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाएं हमारे तक पहुंचकर लाभ प्रदान कर रहं हैं। यह हम जैसे हितग्राहियों के लिए बहुत ही अच्छी पहल है।

## युक्तियुक्तकरण के बाद भी शिक्षकों की कमी से जूझ रहे जिले के अनेक स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के

- सरकार द्वारा की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूरी तरह विफल
- युक्तियुक्तकरण से सुधार के बजाए और बिगड़ गई शिक्षा व्यवस्था



पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार द्वारा की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को पूरी तरह विफल तथा शिक्षा के व्यवसायीकरण करने की दिशा में एक सोची-समझी भाजपाई नीति का हिस्सा बताया है। चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के बाद पूरे प्रदेश के जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों ने शासन के आदेश पर यह दावा किया था कि अब किसी भी स्कूल में शिक्षकों की कमी तथा शिक्षा व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। यदि, ऐसा है तो महासमुंद जिले सहित प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से शिक्षकों की कमी, शिक्षकों द्वारा पदभार ग्रहण नहीं करना तथा कहीं-कहीं विषय विशेष शिक्षकों की कमी संबंधी जो खबरे आ रही है, उससे सरकार के सभी दावे खोखले साबित होते दिख रहा है। चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों की संख्या कम कर भाजपा की साय सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। सरकार के मंत्री द्वारा 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा पहले ही ठंडे बस्ते में जा चुकी है। अब यह सरकार जमीं-जमाई शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद कर शिक्षा के निजीकरण की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण की जगह सरकार को नई भर्ती पर फोकस करना था। शिक्षा विभाग में अब भी बड़े पैमाने पर शिक्षकों के पद खाली हैं। अपने घोषणा अनुरूप शिक्षकों की भर्ती कर रिक्त पदों को तत्काल भरा जाना चाहिए। ना की स्कूलों से शिक्षकों को हटाकर दूसरे स्कूलों में भेजा जाए।

# जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ रथ में सवार होकर निकले

## रास्ते भर लगे जय जगन्नाथ के नारे, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

आषाढ़ मास की द्वितीया तिथि पर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकले। इस अवसर पर जग के नाथ जगन्नाथ अपने भाई और बहन के साथ रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। इस यात्रा चलते राज महल मैदान हर वर्ष एक अनूठे और विशाल धार्मिक उत्सव का साक्षी बनता है। जिसे जगन्नाथ रथ यात्रा के नाम से क्षेत्र में जाना जाता है। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा दौरान बाजे-गाजे के साथ ही भजन कीर्तन करते भगवान के रथ को



खींचने बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि जगन्नाथ रथयात्रा पर नगर के राज महल मैदान में भव्य रूप से आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में भक्त रथयात्रा में पूजा-अर्चना कर मनोकामना पूर्ण कराते है। वहीं रथ खींचकर पुण्य लाभ भी पाते है।

अग्रसेन चौक से निकली रथयात्रा दोपहर ढाई बजे से रथ की रस्सी को खींचकर रथयात्रा प्रारंभ किया गया।

इस दौरान भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुति की गई। रथयात्रा नगर के अग्रसेन चौक स्थित श्रीराम मंदिर से निकाल कर नगर भ्रमण करते हुए उडिया पारा राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। जहां भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभदा आषाढ शुक्ल एकादशी तक विराजेंगे। इस दौरान भक्तिभाव का माहौल निर्मित रहा। रथयात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में भक्तगण दर्शन कर पूजन-अर्चन के पश्चात गजा मूंग का प्रसाद ग्रहण किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मेमरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुरूआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, अध्यक्षता ब्रम्हानंद पटेल जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पिथौरा रहे। इस दौरान सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश साव, ग्राम पंचायत मेमरा के सरपंच फ़गनी कुमार, पंचायत प्रतिनिधि जस कुमार द्वारा मुख्य गेट से कार्यक्रम स्थल तक अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाए। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर एवं गणवेश, पुस्तक वितरण कर स्वागत किए, और प्रवेश दिलाए। इस बीच



अतिथियों द्वारा मां के नाम एक पेड़ का शाला प्रांगण में पौधारोपण किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रकाश साव, शाला के प्राचार्य निर्मल डहरिया संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में- सतपाल सिंह छाबडा (संरपच साकरा), पुरुषोत्तम घृतलहरे जनपंस सावित्रीपुर), हलधर साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष सांकरा, कृष्ण कुमार साहू पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल सांकरा, ग्राम पंचायत मेमरा के पूर्व सरपंच निर्मल यादव, एसएमडीसी पूर्व अध्यक्ष अर्नेष्ट गाडिया एवं शाला प्रबंधन समिति सदस्यगण, पंचगण, शिक्षकगण समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# संपत्ति से अर्जित आय का शिक्षा में होगा उपयोग: डॉ सलीम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

छग वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) का रायपुर से रायगढ़ प्रवास के दौरान सरायपाली आगमन हुआ। यहां मदरसा निजामिया में आयोजित एक संक्षिप्त सभा में उन्होंने सामाजिकजनों सहित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ दानिश खान प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा भी उपस्थित रहे। डॉ राज के शहर आगमन पर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शाहिद खान के नेतृत्व में सामाजिकजनों के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भी उनका बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। वहीं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर अध्यक्ष इकबाल खान के नेतृत्व में समस्त अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी उनका स्वागत किया। संबोधित करते हुए डॉ राज ने कहा कि भाजपा किसी विशेष समुदाय का विरोध नहीं करती, बल्कि सबका साथ और सबका विकास चाहती है। उन्होंने कहा कि आज मुस्लिम समाज की स्थिति अच्छी नहीं है, 70 सालों तक एक पार्टी ने मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा और उन्हें डराकर रखा। जबकि, विगत 14 वर्षों के भाजपा शासन काल में मुसलमानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई है। आगे उन्होंने कहा कि नया वक्फ बिल लाया गया तो कुछ मौलानाओं व समाज के ठेकेदारों व कुछ पार्टियों के द्वारा इसका विरोध करते हुए कहा गया कि इससे मुसलमानों की मस्जिद, दरगाह, इमाम बाड़ा आदि की जमीन छिन जायेगी। जबकि, इस कानून को किसी ने पढ़ा ही नहीं और इसके विरोध पर उतर आए। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष खान द्वारा ईदगाह मार्केट परिसर में समाज के लोगों के लिए अतिरिक्त 60 दुकानों की मांग की गई थी, जिसके लिए डॉ राज ने स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम में अब्दुल नईम लखानी, जनाब खान, रफीक उल्ला खान, तय्युबतुल्ला खान, आरिफ अली पिंकी, अख्तर मेमन, मुस्तफीज आलम, अजहर खान, आबिद नियारिया, गुलाम खान, अशफाक खान, नकीब खान, आदि उपस्थित रहे।

## शाला प्रवेशोत्सव में शरीक हुईं हुलसी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

महासमुंद के स्वामी आत्मानंद आदर्श विद्यालय में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, शिक्षा के साथ साथ संस्कारवान बनना भी जरूरी है तभी जीवन का चरितार्थ सिद्ध होगा। उनके इन शब्दों ने बच्चों और शिक्षकों को प्रेरित किया, जिससे उन्हें अपने जीवन में शिक्षा और संस्कार के महत्व को समझने में मदद मिलेगी।



**महासमुंद।** रथयात्रा के दौरान नगर पालिका महासमुंद की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए और शहर सहित क्षेत्रवासियों की कुशलता की कामना की।

### युक्तियुक्तकरण के विसंगति पर शिक्षक संघ ने की जिला शिक्षा अधिकारी से भेंट

**महासमुंद।** छग शिक्षक संघ जिला इकाई महासमुंद द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे को ध्यान आकृष्ट कराते हुये निराकरण की मांग की है। संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी एवं उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा करते हुए बताया कि प्राचीन ऐतिहासिक महत्व वाला विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी का युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज किया जाना अनुचित है। इसी प्रकार पृथक-पृथक कैंपस में संचालित सोरिद एवं खरोरा को मर्ज कर दिया गया है। प्रमुख संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले ने बताया कि प्राथमिक शाला तुमाडबरी महासमुंद में पदस्थ शिक्षिका माया गुप्ता को 80 किलोमीटर दूर पिथौरा विखं में पदस्थापना की गई है। जबकि महासमुंद विखं के शालाओं में पद रिक्त है। उन्होंने बताया कि सीनियर को जूनियर बनाकर युक्तियुक्तकरण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धरमपुर विखं बागबाहरा से कर दी गई है। जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि गलत ढंग से युक्तियुक्तकरण में पीड़ित शिक्षकों के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है तथा जिन संकुल समन्वयकों को स्थानांतरित किया गया है वे कहां कार्य कर रहे हैं? जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर छग शिक्षक संघ ने बातें रखी, इसी प्रकार संगठन के जिला सचिव अविनाश लाल को महासमुंद विखं में पदस्थ करने की मांग की गई। छग शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि विसंगतियों को तत्काल दुरुस्त कर दोषियों पर कार्यवाही की जावें। संगठन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बार बार ध्यान आकृष्ट कराये जाने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होना संगठन की अनदेखी है।

# केसीसी ऋण 15 दिन के भीतर स्वीकृत करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने की बैंकों के कामकाज की समीक्षा, जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैंकों के कामकाज से संबंधित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कहा कि जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता अनुसार आसान और सरलीकृत तरीके से ऋण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि किसानों को केसीसी लोन, छोटे व्यवसायियों के लिए मुद्रा एवं शासकीय विभागों द्वारा संचालित लोन को अविलंब स्वीकृति दें। समूह से जुड़े हितग्राहियों का लोन भी स्वीकृत करें। कलेक्टर ने जिले के बैंकों की कामकाज के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, आरबीआई के प्रतिनिधि दीपेश तिवारी, नाबार्ड के प्रबंधक प्रियव्रत साहू, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि बैंकों को नकद जमा अनुपात 60 प्रतिशत तक रखने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहियों को उनके आवश्यकता और जरूरत के अनुसार आसानी से लोन उपलब्ध कराने में बैंकर्स सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बैंक आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वित्तीय




साक्षरता शिविर का सतत आयोजन करें तथा उनका प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित करें। लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके भी बताएं। ताकि, उनकी जमा पूंजी बैंकों में सुरक्षित रहे। कलेक्टर ने कहा कि पीएम जनमन के हितग्राहियों के शत प्रतिशत बैंक खाते खोलें तथा आधार नंबर से बैंक खातों को लिंक करें। कलेक्टर ने बैंकों के सीएसआर मद से जल संचयन अंतर्गत सोख पिट बनाने के लिए आगे आने कहा। उन्होंने कहा कि जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में भी तेजी से प्रयास हो रहे हैं। बैंक टीबी मरीजों को गोद लेकर भी मदद कर सकते हैं। उन्होंने बैठक में खल्लारी एवं भंवरपुर में बैंकिंग सुविधा खोलने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश बैंक लोन प्रकरण को स्वीकृत करने में असक्षम है तो हितग्राहियों को इसकी लिखित जानकारी दिया जाए। जिसमें कारण स्पष्ट उल्लेखित हो।

कलेक्टर ने कहा कि बैंक प्रत्येक विकासखंड में एक-एक वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ताकि, बयान एवं गवाही देने की स्थिति में जिला मुख्यालय न आना पड़े। साथ ही कहा कि बैंक किसी भी तरह के फ्रॉड गतिविधियों में संलिप्त न हो और न ही बिना नियमानुसार कोई भी प्रकरण स्वीकृत करें। इस दौरान शासकीय योजनाओं की समीक्षा में बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा योजना के तहत बीमित हितग्राहियों को क्लेम दिलाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व पशुपालन, मछली पालन, अंत्यावसायी, ग्रामोद्योग विभागों के प्रकरण के त्वरित निराकरण के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में बैंकों से संबंधित जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे ने विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से बैंकों के प्रगति की जानकारी प्रस्तुत किया।

## गुड शेफर्ड के दो छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता गोल्ड मेडल



**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल के दो होनहार छात्रों ने राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले और छग राज्य का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है। इन छात्रों को उनकी इस उपलब्धि के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक को 21000 रुपए (इक्कीस हजार) की पुरस्कार राशि और विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है। गुड शेफर्ड स्कूल के निर्देशकगण डा. जी रावटे एवं डा अनिता जी. रावटे ने दोनों छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा यह उपलब्धि न केवल इन दोनों विद्यार्थियों की मेहनत, लगन ओर समर्पण का परिणाम है, बल्कि अन्य के लिए भी यह दोनों प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगे। प्राचार्य एमएस राव, पीटी आई सोनिया बांदे, समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थियों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

**खबर संक्षेप**

## गायत्री परिवार का जिला स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला आज

**महासमुंद**। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माता की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में देशभर में नारी जागरण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला का आयोजन महासमुंद में शनिवार 29 जून को किया जा रहा है। इस कार्यशाला में सरला कोसरिया, शशि प्रभा थिटे एवं हेमलता साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समाज निर्माण में उनकी सशक्त भूमिका के लिए प्रेरित करना एवं उनके अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। कार्यशाला का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा। इसके लिए जिले के सभी विकासखंडों एवं आसपास के ग्रामों में व्यापक संपर्क किया जा रहा है। सभी महिला मंडल सदस्यों से इस अवसर पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।



## दो घंटे की बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत

**महासमुंद**। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि शनिवार को सुबह से झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश करीब दो घंटे तक हुई।

**जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने किया उद्घाटन**

# ई-रिक्शा बनी बिहान दीदी के परिवार की खुशहाली की सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बिहान योजना के तहत आजीविका का साधन बनाने वाली वनांचल ग्राम धरमपुर की निवासी मिनेश्वरी साहू ने इसी योजना से जुड़कर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया। जय कर्मा माता महिला स्व सहायता समूह की सदस्य मिनेश्वरी साहू एक गरीब परिवार से हैं, लेकिन पढ़ी-लिखी, जागरूक और साहसी महिला हैं। शादी के तुरंत बाद वह बिहान योजना से जुड़ीं। समूह में उनकी सक्रियता, पुस्तक संधारण में रुचि और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें क्लस्टर लेखापाल की जिम्मेदारी सौंपी गई। मिनेश्वरी ने अपने पति को भी बिहान योजना से जोड़ा और शुरुआत में समूह के हिसाब-किताब में उनसे सहायता ली। बाद में पति को आरबीके (राजीव गांधी भारत ज्ञान मिशन केंद्र) में पदस्थ कराने के लिए प्रेरित किया। दोनों 2018 से बिहान से जुड़े हुए हैं और आवश्यकता पड़ने पर लोन लेकर धीरे-धीरे अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करते रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष व ग्राम बाघमुड़ा सरपंच एडिशन ठाकुर, ग्राम सिवनी के सरपंच मूलचंद साहू, पूर्व सरपंच रामजी लाल सिन्हा एवं रिंकू चेतन चंद्राकर, सरपंच दीपक ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, सचिव बालेश्वर चंद्राकर, ब्लॉक के अधिकारी डीईओ जीआर बरिहा, एडीओ एकलदेव निषाद, पीआरपी यशवंत ध्रुव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण व नागरिकजन उपस्थित रहे।



### ई-रिक्शा से मिली नयी रफ्तार

परिवहन की क्षेत्रीय आवश्यकता को समझते हुए मिनेश्वरी ने वन देवी महिला क्लस्टर, खम्हरिया से 1 लाख 70 हजार रुपए का लोन लेकर एक ई-रिक्शा खरीदा। यह निर्णय उनके जीवन में एक बड़ा मोड़ साबित हुआ। ई-रिक्शा मिलते ही उन्हें स्कूल के बच्चों को लाने-ले जाने का काम मिलने लगा। इसके अलावा समूह की दीदियों को क्लस्टर मुख्यालय, जनपद और जिला कार्यालय लाने-ले जाने के आर्डर भी मिलने लगे। इस उपलब्धि को साझा करने और शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए मिनेश्वरी जनपद कार्यालय पहुंचीं। जहां बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर और जनपद सीईओ मनहरण लाल मंडावी ने पूजा करके, फीता काटकर ई-रिक्शा का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर केशव नायक राम चंद्राकर ने मिनेश्वरी साहू के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि बिहान योजना से जुड़ी ऐसी जागरूक बहनों से प्रेरणा लेकर अन्य महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनें।

**जागरूक : ग्राम पंचायत पटपरपाली में ग्राम सभा का आयोजन**

# ग्राम विकास के लिए तिमाही आय-व्यय व जीपीडीपी की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटपरपाली(कोमाखान)

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला व जनपद पंचायत के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायतों में 25 से 30 जून तक ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में शनिवार को ग्राम पंचायत पटपरपाली में ग्राम सभा का आयोजन हुआ।

ग्राम सभा में पंचायत में विगत तिमाही की आय- व्यय की समीक्षा, पिछली वर्ष विभिन्न योजनाओं के काम क़ा वाचन, नरेगा अंतर्गत ग्रामीण परिवारों का रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराए गये कार्य की समीक्षा, पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण, नशा मुक्ति हेतु अभियान के क्रियान्वयन, महिला बाल सुरक्षा, मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं नियंत्रण पर चर्चा,कर आरोपण एवं वसूली की समीक्षा सहित विकास कार्यों की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत सरपंच लता कमलेश टांडेय ने ग्रामीणों को बताया कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत अब गांव के विकास की योजनाएं अपने गांव में ही ग्रामसभा के माध्यम से बनायी जाती है, जिसमें ग्रामीणों की भागीदारी अनिवार्य है। ग्राम विकास के लिए पंचायत की आय में वृद्धि हेतु नलजल, प्रकाश, सम्मतिकर, व्यवसायिक कर, आदि करारोपण पर ग्रामीणों से सहयोग के लिए कहा गया। ग्राम सभा कार्यक्रम के प्रभारी, समन्वयक महिला बाल विकास भावना गुप्ता ने जर्जर स्थिति में आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत विषय को लेकर चर्चा की। साथ ही महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की भी जानकारी दी गई। बताया कि ग्रामसभा में बच्चों व महिलाओं की समस्या को भी जीपीडीपी में शामिल करने के लिए सरकार ने बाल सभा और महिला सभा की बैठक को अनिवार्य कर दिया है। ग्राम पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन ने विगत तिमाही विकास कार्यो में किये गए आय व्यय की जानकारी दी। साथ ही सुशासन तिहार में आये सभी मांग पत्र एवं शिकायतों के निराकरण किए जाने की भी जानकारी प्रदान की। ग्राम सभा में प्रमुख रूप से सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय, उपसरपंच चैतराम साहू, पंचगण थलेश्वरी साहू, हवंत साहू, हेमलता साहू, मुकेश गुप्ता, सुनीता साहू, रामचंद्र यादव, कल्पना तिवारी, धानबाई साहू, कान्तिबाई साहू, मोहन साहू, धनाऊ साहू, दिलीप शर्मा, सुरित साहू, मनोज चंद्राकर, ज्वालाप्रसाद दुबे, अशोक यादव, सुरेश यादव, मोतीलाल साहू, राकेश साहू, चंद्रहास साहू, चूणकरन साहू, चंद्रशेखर साहू, मनोज साहू, केशराम साहू, जगदीश साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमुख गमला यादव, मीना साहू, कार्तिक साहू, खेमिन साहू, पंचायत कर्मचारी मुकेश साहू मौजूद रहे।



## रथयात्रा में शामिल हुए नपाध्यक्ष निखिलकांत



**महासमुंद**। श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण से महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा नगर में भक्तिमय माहौल में 27 जून को निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र, बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए पूरा नगर उमड़ पड़ा। नगरवासियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भी रथयात्रा में शामिल हुए। साहू ने भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ खींचकर उनकी पूजा की तथा नगर व क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने कीर्तन मंडलियों के साथ मंजीरा बजाते हुए भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस दौरान साहू ने कहा कि रथयात्रा का पर्व भगवान के प्रति भक्तों का प्रेम व आस्था का प्रतीक है।

## रथयात्रा में शामिल हुए पार्षद भाऊराम



**महासमुंद**। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊ राम साहू शहर में निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा कर आशीर्वाद लिया तथा शहरवासियो की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## शहर के सड़कों पर आवारा जानवरों के विचरण से हो रहीं हैं दुर्घटनाः राकेश



**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने शहरों में आवारा पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि हर बड़े शहर में सड़कों पर आवारा जानवरों की समस्या एक बड़ी चुनौती बन गई है, जिससे दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। आवारा पशु में ज्यादातर संख्या कुत्तों की है, उसके बाद गायों का नंबर आता है। सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे जाम की समस्या होती है। आवारा पशु पार्कों और अन्य हरियाली वाले क्षेत्रों में घूमती हैं, जिससे पौधों और हरियाली को नुकसान होता है। आवारा पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे जानमाल का नुकसान हो रहा है।

## शिशु संस्कार केंद्र में मनाया शाला प्रवेशोत्सव, बच्चों को बांटी गई पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिशु संस्कार केंद्र में 28 जून को शाला में नवप्रवेशी प्रवेशार्थियों बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

कार्यक्रम में शाला नोडल अधिकारी कौशल शुक्ला, शाला प्रबंधन समिति से पारस चोपड़ा, शरद जैन, मनोहर महांती, प्राचार्य अवनीश वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, एसपीएस की प्राचार्य गुरूप्रीत कौर, सहप्रधानाचार्य भावना गांधी उपस्थित थी। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन से कर किया गया। कक्षा नर्सरी, केजी 1, केजी2, के बच्चों को कापी पुस्तक व मिठाइयां वितरित की गई, बच्चों के साथ पालकों का भी सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान करने का वचन दिया। इस अवसर पर शाला परिवार, पालकगण अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा सोनी ने किया व आभार प्रदर्शन नैना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



## निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताएं, करणी पावर प्लांट को बंद करने की मांग

**महासमुंद**। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के गठित जिला स्तरीय संयुक्त जांच टीम द्वारा मेसर्स करणी कृपा पॉवर प्रालि ग्राम खैरझिटी निरीक्षण के दौरान बहुत सारे विभागों द्वारा पाई गई अनेक अनियमितताएं पाई गई। ऐसे अवैध करणी कृपा पावर प्लांट को भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू तत्काल बंद करने का मांग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की है। ज्ञापन में कहा गया निरीक्षण के दौरान औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार द्वारा जांच में सुरक्षा उपकरण के बगैर कर्मचारी कार्यरत मिले। जिसके कारण लगातार वहां मौत का खेल खेला जा रहा है, इस पर प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है। श्रम विभाग द्वारा जांच में ओवर टाईम कार्य लिया जाना पाया गया। ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम अंतर्गत अनुज्ञप्ति लिया जाना नहीं पाया गया। इस पर भी ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। कई अनियमितता पाई गई। डंप रेत का रायल्टी पर्ची उपलब्ध नहीं कराया गया। प्रबंधन को 03 दिवस के भीतर रायल्टी पर्ची प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया गया। परिवहन विभाग द्वारा जांच में प्लांट के अंदर पाई गई समस्त गाड़ियां अंडरलोड पाई गई। विगत दिनों का वे-ब्रीज का विवरण प्रस्तुत किया गया। उनमें भी समस्त गाड़ियां अंडरलोड पाई गई। पर्यावरण विभाग द्वारा जांच में पाई गई कमियों के संबंध में प्रबंधन को पृथक से नोटिस जारी किया जा रहा है। शासन प्रशासन नोटिस-नोटिस का खेल खेलना बंद करें, जब एक अवैध करणी कृपा पावर प्लांट में इतने सारे विभागों के द्वारा जांच में निरीक्षण के दौरान पाई गई अनेक अनियमितताएं तो तत्काल अवैध प्लांट को बंद कर देना चाहिए।




## खेल मैदान में एक पेड़ गांव के नाम के तहत लगाए 50 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम छपोराडीह में पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर साहू अपने जन्मदिन पर विधिवत पूजा अर्चना कर,एक पेड़ गांव के नाम के अभियान के तहत क्रिकेट मैदान के चारों ओर 50 पौधे रोपित किया गया। उन्होंने बताया कि वृक्ष धारा का आभूषण है, वृक्ष हमारी धरती की शान है। वृक्ष हम सबके जीने का सहारा है। वृक्ष हमारे वातावरण को साफ रखते हैं। वृक्ष से हमें ताजा सांस लेने को मिलती है। धरती पर जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन और पानी प्रदान करने वाला मुख्य साधन वृक्ष ही है। पेड़ हमें गर्मी से बचाते हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाना है और उनका संरक्षण करना है।पर्यवारण को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। ग्रामीणों को अपने जन्मदिवस, सालगिरह, पूर्वजों की स्मृति पर पेड़ लगाने की अपील की गई। इस दरमियान नंदकिशोर साहू, शंकर साहू, कृष्णा पटेल, डालेश्वर पटेल, महेश साहू, एनकुमार साहू, महेश्वर निषाद, रामनरेश ध्रुव, पिंटू, टिकेश, महिला वर्ग में सुमन साहू, हेमलता पटेल, ललिता साहू, सोनी निषाद के साथ बच्चों का सहयोग रहा।







# रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो मानवता के सेवा कार्य में अग्रणी : चंद्रहास

## जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रेडक्रॉस की हुई आवश्यक बैठक, प्रशिक्षण कार्यक्रम किए गए प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद में रेडक्रॉस की आवश्यक बैठक 28 जून को आयोजित की गई। यह बैठक विजय कुमार लहरे (जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन अध्यक्ष, जूनियर रेडक्रॉस कमेटी, जिला महासमुंद) की अध्यक्षता में हुई। चंद्रहास चंद्राकर खनिज निगम अध्यक्ष ने कहा कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो मानवता के सेवा कार्य में अग्रणी है। इसके लिए समाज के सभी वर्ग को आगे आकर काम करना चाहिए। रेडक्रॉस को आगे ले जाने में अपनी इच्छा व्यक्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि रेडक्रॉस के सभी कार्यो में तेजी लाई जाएगी। रेडक्रॉस के कार्यों को प्राचार्य और रेडक्रॉस प्रभारी मिलकर काम करें। माह अक्टूबर-नवंबर में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा। जिसमें जिले के सभी विद्यालयों के वालिंटियर्स (छात्र-छात्राओं का दल) की उपस्थिति अनिवार्य होगा।

जिला संगठक अशोक गिरि गोस्वामी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। रेडक्रॉस प्रभारी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं। जिसमें सरायपाली एवं बसना विकासखंड के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम सरायपाली में 10 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। महासमुंद, बागबाहरा एवं पिथौरा विकासखंड हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम महासमुंद में 15 जुलाई से 17 जुलाई तक प्रस्तावित है। प्रशिक्षकगण डॉ. यशवंत चंद्राकर, दिनेश साहू (बसना), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नामित प्रशिक्षक जिला स्तर पर जूनियर रेडक्रॉस संबंधी कार्यों के सुचारु संचालन के लिए उपसमिति का गठन 26 जून 2025 को किया गया है। इसकी सूचना एवं जिसकी प्रति सभी जगह प्रेषित किया जाना है । वार्षिक कैलेंडर 2025-26 में आवश्यक संशोधन कर अनुमोदन किया गया। रेडक्रॉस निधि का प्रयोग केवल रेडक्रॉस के कार्यो में किया जाए। शालावार काउंसिलर्स की जानकारी संपर्क नंबर सहित सूची जमा करने कहा गया रेडक्रॉस में कलेक्टर के निर्देशानुसार अधिकाधिक सदस्यता हेतु अभियान चलाकर वृद्धि हेतु निर्णय लिया गया है। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जू.रे. सचिवों को सदस्यता वृद्धि कार्य सौपा गया। प्रत्येक तिमाही में प्रत्येक इकाई की बैठक करने का निर्णय लिया गया है एवं पालन की प्रतिवेदन प्रत्येक तिमाही 10 तारिक तक भेजे। सभी विद्यालयों में रेडक्रॉस उपसमिति का गठन 05 जुलाई 2025 तक अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। समिति गठन का प्रारूप संस्था प्रमुख (प्रधानाध्यापक / प्राचार्य) पदेन अध्यक्ष, विद्यालय में पूर्व से कार्यरत रेडक्रॉस दल के परामर्शदाता, संस्था में चल रहे रेडक्रॉस जूनियर दलों के नायक, एक पालक सदस्य, जो दल से जुड़े छात्र/छात्रा के अभिभावक हों, भी विद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस का बोर्ड लगवाना अनिवार्य किया गया है। पंजीयन एवं नवीनीकरण शुल्क सभी विघालय राज्यांश/जिलांश सूची सहित दर्ज संख्या सहित प्रारूफ़ में 10 सितंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क प्रत्येक विद्यार्थी से 30 की दर से लिया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय को ली गयी राशि का रसीद दिया जावे एवं उसी कार्य में व्यय किया जाना है। रेडक्रॉस के लिए आवश्यक सामग्री अनुमोदित सूची अनुसार उपलब्ध कराई जाएगी। अन्य सुझाव सर्पदंश संबंधित प्रशिक्षण किया जाना है। हाई सेकेंडरी स्कूलों में रेडक्रॉस संबंधित यूनिफॉर्म अनिवार्य रूप से रखा जाए। रेडक्रॉस के बच्चे जिला स्तर वाले जिला मुख्यालय में शामिल तथा विकास खंड स्तर के स्कूलों के विघार्थी विकास खंड स्तर के कार्यक्रम 15 अगस्त और 26 जनवरी को शामिल होंगे। सेजेस विद्यालयों में भी रेडक्रॉस दल का गठन किया जाकर गतिविधियां संचालित की जाए, पंजीयन शुल्क नहीं लिया जाए। विकास खंड सचिव को संबंधित संस्था प्रमुख विखं/जिला स्तर पर पर बुलाये जाने पर अनिवार्य रूप से कार्यमुक्त करेंगे। जरूरतमंद विद्यार्थियों को जिन्हे पुस्तक की नितांत जरुरत है उनकी सूची प्रदान करेंगे, जिन्हे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जनसहयोग लेकर उपलब्ध हेतु प्रयास किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी विजय कुमार लहरे को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ अशोक गिरि गोस्वामी जिला संगठक, अंजलि बरमाल रेडक्रॉस प्रभारी, हीना ढालेन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद, यशवंत कुमार चौधरी जू.रे. सचिव, किरण पटेल जू.रे. सचिव, दिनेश दास जू.रे. सचिव, जेजे प्रधान, लक्ष्मी डडसेना सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पिथौरा, रामता मन्नाडे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा, दिनेश साहू जू.रे. सचिव, डिगेश्वर सिंग ठाकुर रेडक्रॉस लिपिक, तेजलाल देवांगन कार्यालय लिपिक, द्वारिका प्रसाद सिन्हा कार्यालय सहायक उपस्थित थे।




